कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर

बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर

P.O. Shankarpur, Sitakund road Distt. Munger-811201

Email :mungerkvk@gmail.com Ph- 09608658459

ICAR

पत्रांक :– 227 कृ0वि0के0, मुंगेर दिनांक:– 25.07.2024

दिनांक 29/06/2024 को डा0 आर0 के0 सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, भागलपुर की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर की 23 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर के लिए समिति के सदस्यों द्वारा गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि एवं वर्त्तमान बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन हेतु निम्नांकित आदेश दिया गया :–

- समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि जिले के किसानों को मशरूम उत्पादन को बढ़ाने हेतु सहायक निदेशक उद्यान के साथ मिलकर क्षमता वर्द्धन एवं अधिक कुशलता के लिए केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण दिया जाय। सहायक निदेशक उद्यान द्वारा चयनित गाँवों में झोपड़ी स्थापित करने में केन्द्र के वैज्ञानिक तकनीकी मार्गदर्शन दें।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान)

- कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा वर्ष 2024–25 में फलीय पौधों के 8000 एवं सब्जी वर्गीय 20000 पौधों को तैयार करके किसानों को विक्रय हेतु उपलब्ध कराया जाय।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान)

- मोटे अनाज उत्पाद हेतु चयनित गाँव के किसानों की क्षमतावर्द्धन, मोटे अनाज को बढ़ावा एवं मूल्य सम्वर्द्धन के लिए केन्द्र के द्वारा प्रशिक्षण समूह बनाकर दिया जाय। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण एवं विक्रय हेतु किसानों को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जाय।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार)

- जिले में सुक्ष्म सिंचाई परियोजना अर्न्तगत चयनित किसानों का क्षमता बर्द्धन समूह में किया जाय।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियंत्रण)

- जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम योजना के अर्न्तगत चयनित गाँवों में कैम्प लगाकर पिछले पाँच वर्षो में किये गये कार्यो का प्रभाव एवं ऑकलन को एकत्रित किया जाय तथा जल जीवन हरियाली पोर्टल पर किसानों की सूची को अंकित किया जाय।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य)

- समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया गया कि केन्द्र में स्थापित समन्वित कृषि प्रणाली इकाई में मुर्गी एवं बकरी पालन इकाई की स्थापना की जाय।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार)

- कृषि विज्ञान केन्द्र मुंगेर द्वारा वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन इकाई हेतु वर्मी कम्पोस्ट विक्रय के लिए लाइसेंस जिला कृषि पदाधिकारी मुंगेर द्वारा लिया जाय।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान)

- जल श्रोत का निर्माण, वर्षा जल का संचयन एवं कृषि में उसका सदुपयोग पर जागरूकता प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम आयोजित करें।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियंत्रण)

- किसानों के उत्थान हेतु कृषक उत्पादक संगठन का गठन एवं बजार से जुडाव विषय पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाय।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार)

- कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा किसानों की कीट व्याधि समस्या निवारण हेतु किसानों को नीरोग ऐप की जानकारी वैनर/होर्डिंग के माध्यम से किया जाए।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार)

- त्रैमासिक प्रशिक्षण कैलेण्डर बनाकर जिले के विभिन्न सहयोगी विभागों एवं गैर सरकारी संगठन के सदस्यों को प्रशिक्षण की सूचना ससमय दिया जाय।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार)

- कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा मोटे अनाज का क्रॉप केफेटेरिया प्रक्षेत्र पर लगाया जाए ताकि किसान इसे देखकर सीखें।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (शष्य वैज्ञानिक)

- कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा क्षेत्र के नये–नये किसानों/महिला किसानों को समूह के रूप में विभिन्न नवीनतम तकनीकियों पर प्रशिक्षण दिया जाय।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार)

- कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण हेतु महिला किसानों को केन्द्र पर एवं गाँवों में प्रशिक्षण दिया जाय।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान)

- कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा हरा चारा उत्पादन एवं प्रसंस्करण (साइलेज) पर किसानों को प्रशिक्षण/प्रत्यक्षण/किसान गोष्ठी द्वारा जागरूक किया जाय एवं इस कार्यक्रम में जिले के पशुपालन पदाधिकारी/गव्य विकास पदाधिकारी को आमान्त्रित किया जाय।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (शष्य वैज्ञानिक)

- कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा कुपोषण निवारण के लिए मोटे अनाज की फसलों को भोजन में शामिल करने हेतु प्रशिक्षण एवं प्रत्यक्षण आयोजित किया जाए।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान)

- कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा उद्यानिक फसलों के साथ अर्न्तवर्ती खेती को बढावा हेतु प्रशिक्षण द्वारा किसानों को जागरूक किया जाय।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान)

- कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा हेतु प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, साहित्य के माध्यम से किसानों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाय।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान)

- कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर में अजोला उत्पादन इकाई को स्थापित करके अजोला उत्पादन कर किसानों को प्रत्यक्षण अर्न्तगत दिये जाने की निर्देश दिया गया।
  विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान)

Mukesh Kumar
25.07.2024
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर।
Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra, Munger